# इरेडा "हर घर तिरंगा" अभियान में शामिल हुआ; सभी कर्मचारियों को तिरंगा झंडा वितरित किया




नई दिल्ली, 10 अगस्त, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने "आज़ादी का अमृत महोत्सव" (एकेएएम) के तत्वावधान में "हर घर तिरंगा" अभियान शुरू किया। इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने आज "हर घर तिरंगा" अभियान शुरू किया, ताकि सभी कर्मचारियों को भारत की आजादी के 75 वें वर्ष के अवसर पर तिरंगा झंडा घर लाने और इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। सभी कर्मचारियों को उनके घरों से तिरंगा झंडा फहराने के लिए तिरंगे झंडे वितरित किए गए हैं।

"आजादी का अमृत महोत्सव" के महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए, इरेडा के कर्मचारियों द्वारा भारत के राष्ट्रगान को बड़े देशभक्ति के जोश और उत्साह के साथ गाया गया। इरेडा ने सभी कर्मचारियों के लिए देशभक्ति के विषयों पर आधारित 'यूनिटी इन क्रिएटिविटी' प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जैसे ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता, पेन ए जिंगल प्रतियोगिता

और 'वेल्थ आउट ऑफ वेस्ट' प्रतियोगिता। इरेडा के कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ 'यूनिटी इन क्रिएटिविटी' प्रतियोगिताओं में सहभागिता की।

इस अवसर पर संबोधन करते  हुए, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने इरेडा परिवार से "हर घर तिरंगा" अभियान को मजबूत करने के लिए अपने घरों में तिरंगा फहराने में पूरे दिल से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि "माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक भारतीय को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करने, राष्ट्र के नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना का आह्वान करने और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य  के साथ इस राष्ट्रीय आंदोलन की शुरुआत की है।"

इरेडा द्वारा भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 13 अगस्त, 2021 को, इरेडा द्वारा आधिकारिक तौर पर "आजादी का अमृत महोत्सव" का उत्सव शुरूवात किया गया  और इस दिन को  अपने कर्मचारियों के लिए एक अंताक्षरी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आजोजित किया गया था।

